प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 03.05.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की समीक्षा बैठक को किया संबोधित : कहा–विकास प्राधिकरणों में भवन मानचित्रों के लंबित प्रकरणों का किया जाये एकमुश्त निस्तारण।
2. मुख्यमंत्री ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में राजस्व वादों के समयबद्ध निस्तारण और भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण के दिए निर्देश।
3. जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने मिर्जापुर में वृक्षारोपण कार्यक्रम में लोगों से की अपील, प्रत्येक जलस्रोत के पास लगाएं कम से कम सौ पौधे।

और

4. अयोध्या में श्रद्धालुओं के लिए बनाया जा रहा है श्रीराम संग्रहालय और पंचवटी उद्यान, जीरो डिस्चार्ज नीति के तहत विकसित होगा मंदिर परिसर।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास प्राधिकरणों में भवन मानचित्रों के लंबित प्रकरणों का एक मुश्त निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने आज लखनऊ में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करते हुए यह भी निर्देश दिए कि

सभी नगरों के जीआईएस आधारित मास्टर प्लान मई माह के अंत तक अनुमोदित कराए जाएं। पेश ह एक रिपोर्ट.....

*बैठक में विभागीय कार्ययोजना का आकलन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी नियोजन, आवासीय सुरक्षा, अधोसंरचना विकास एवं डिजिटल प्रबंधन जैसे सभी घटकों को एकीकृत दृष्टिकोण से लागू करना आवश्यक है। बैठक में मुख्यमंत्री को प्रदेश की मेट्रो परियोजनाओं के प्रगति की जानकारी दी गई। लखनऊ में इंटरनेशनल एक्जीबिशन–कम–कन्वेंशन सेंटर परियोजना की समीक्षा करते हुएमुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि ₹900 करोड़ रुपए की लागत से विकसित होने वाले इस विश्वस्तरीय कन्वेंशन सेंटर को अधिकतम 02 वर्षमें पूरा करा लिया जाए। मुख्यमंत्री ने यूपी–एससीआर की अद्यतन स्थिति पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्रीने निजी निवेश को प्रोत्साहित करने हेतु पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल आधारित परियोजनाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेंद्र त्रिपाठी।*

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में राजस्व विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने बैठक में दो महत्वपूर्ण बिंदुओं राजस्व वादों के समयबद्ध निस्तारण और भूमि अभिलेखों क डिजिटलीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि इन कार्यों को प्रत्येक स्तर पर तीव्र गति से पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि शेष भू–अभिलेखों का डिजिटलीकरण शीघ्र पूर्ण किया जाए और शहरी क्षेत्रों का लैंड रिकॉर्ड तैयार कर उस प्राथमिकता से ऑनलाइन पोर्टल पर सार्वजनिक किया जाए। उन्होंने राजस्व परिषद के पोर्टल की रीडिजाइनिंग की आवश्यकता पर बल देते हुए

कहाकि यह अधिक उपयोगकर्ता अनुकूल और परिणाम मूलक होना चाहिए।

————————

प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने आज मिर्जापुर के ग्राम लखनपुर में एक  पौध रोपण कार्यक्रम में कहा कि जल और हरियाली दोनों का गहरा संबंध है। उन्होंने ग्रामीणों और अधिकारियों से अपील की कि प्रत्येक जलस्रोत के आसपास कम से कम सौ पौधे अवश्य लगाए जाएं। श्री सिंह ने इससे पूर्व  राजकीय नलकूप का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जलशक्ति मंत्री ने नलकूप की कार्य प्रणाली, सिंचाई व्यवस्था और तकनीकी स्थिति कीजानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। उन्होंने मौजूद किसानों से उनकी समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया।

————————

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व कर सकता है। उन्होंन कहा कि कई वैश्विक कंपनियों ने इस संबंध में भारत के साथ काम करने की इच्छा जताई है। गूगल, मेटा और माइक्रोसॉफ्ट सहित सात वैश्विक फर्मों ने आज मुंबई में वेव्स शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान–आईआईसीटी के साथ एक

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। आईआईसीटी की स्थापना 400 करोड़ रुपये की फंडिंग के साथ मुंबई में की जाएगी। इस अवसर पर श्री वैष्णव ने कहा कि आने वाले दिनों में आईआईसीटी आईआईटी और आईआईएम के समान मान्यता प्राप्त करेगा।

————————

प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने आज लखनऊ में पहलगाम आतंकी हमले को लेकर कहा सुरक्षा की दृष्टि से जो भी कदम सरकार उठा रही है, उस कदम का हम स्वागत करते हैं। बाइट.....

*देखिये सुरक्षा की दृष्टि से जो भी कदम सरकार उठा रही है उस कदम का हम लोग स्वागत करते है और पहले देश सर्वोपरि है देश सुरक्षित रहे तभी देश में रहने वाले 140 करोड़ लोग जो है वो सुरक्षित रहेंगे तो, सरकार जो प्रयास है जो पहल है, वो देशहित में हैं।*

————————

नागरिकों की सुविधा और ई–गवर्नेंस को बढ़ावा देने की दिशा में एक डिजिटल पहल के तहत उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने व्हाट्सएप आधारित चैटबॉट सेवा 8005441222 नंबर पर शुरू की है। इसके बारे में जानकारी देते हुए गोरखपुर के संभागीय परिवहन अधिकारी रामवृक्ष सोनकर ने आज बताया कि इसके माध्यम से परिवहन विभाग की सारी सुविधाएं प्राप्त होंगी। बाइट.....

*जो भी सेवायें परिवहन विभाग से सम्बन्धित हैं, परमीट से सम्बन्धित है, डीएल से सम्बन्धित है,  रजिस्ट्रेशन है, डूप्लीकेट है, आरसी है, और ट्रांसफर है, या किसी भी तरह के फीस है, चालान है, परिवर्तन की कारवाई है, किसी के सम्बन्ध में अगर आपको जानकारी चाहिए, आप टच करते जाइये यह हमारी सेवायें सब आपको उपलब्ध हैं और आपको सारी जानकारियां उचित और डिटेल्स में दी गयी हैं आप जानकारी प्राप्त करके इस सेवा का लाभ उठायें।*

————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

———————————

**प्रदेश के समूह ग की भर्तियों के लिये प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा पीईटी के लिये ऑनलाइन आवेदन और शुल्क जमा करने की प्रक्रिया 14 मई से 17 जून तक होगी। शुल्क समायोजन व आवेदन में संशोधन 24 जून तक किया जा सकेगा।**

————————

**प्रदेश सरकार ने कार्यस्थल पर महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ प्रभावी कदम उठाए हैं। केंद्र सरकार के साथ**

राज्य सरकार ने भी शी बॉक्स पोर्टल के माध्यम से शिकायत निवारण प्रणाली को मजबूत किया है। पेश ह एक रिपोट.....

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सभी सरकारी और निजी संस्थानों में आंतरिक समिति के गठन को अनिवार्य किया गया है, जिसके तहत अब तक 84 विभागों ने समिति बनाकर इसकी जानकारी पोर्टल पर अपलोड कर दी है।सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि प्रदेश के सभी 75 जिलों में यह व्यवस्था लागू हो। जहां 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां आंतरिक समिति का गठन अनिवार्य है, जिसमें कम से कम 50 प्रतिशत महिला सदस्य होंगी और समिति की अध्यक्ष भी महिला ही होगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से जूही श्रीवास्तव।*

---------

गंगा सप्तमी यानी गंगा अवतरण दिवस के पावन अवसर पर आज वाराणसी में नमामि गंगे के सदस्यों ने गंगा की सफाई कर जनमानस से गंगा को निर्मल बनाए रखने की अपील की। पेश है एक रिपोर्ट.....

*गंगा उत्पत्ति के अवसर पर आज दशाश्वमेध घाट पर नमामि गंगे के सदस्यों ने मां गंगा का दुग्धाभिषेक कर आरती उतारी। इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज और स्वच्छता स्लोगन लिखीं तख्तियों से स्वच्छता को संस्कार के रूप में शामिल करने का संदेश भी दिया गया। साथ ही नमामि गंगे के सदस्यों ने सैकड़ों लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। मनीष कुमार, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।*

---------

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने आज अयोध्या में राम मंदिर परिसर में बनने वाले संग्रहालय और उद्यान की प्रगति पर जानकारी

दी। उन्होंने बताया कि समिति की तीन दिवसीय बैठक में म्यूजियम के गैलरी डिजाइन, डिस्प्ले की तकनीक और पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा हुई। यह संग्रहालय अप्रैल 2026 तक श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा। बाइट....

*म्युजियम श्रद्धालुओं के लिये एक सार्वजनिक दृष्टि से अप्रैल 2026 तक जो है इसकी अनुमति दे दी जायेगी कि वहां पर श्रद्धालु आ सके और जो भी गैलरीज है वो आ करके देख सके।*

पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए श्री मिश्रा ने कहा कि मंदिर परिसर को जीरो डिस्चार्ज नीति के तहत विकसित किया जाएगा, ताकि अयोध्या शहर में किसी भी प्रकार का पर्यावरणीय प्रदूषण न हो। इसके लिए 8 एकड़ भूमि पर एक विशाल उद्यान विकसित करने का निणय लिया गया है, जिसे पंचवटी नाम दिया जाएगा।

————————

प्रदेश में आज दो अलग अलग सड़क हादसों में 6 लोगों की मौत हो गई। मथुरा के जैत थाना क्षेत्र में हुए हादसे में चार लोगों की मौत हो गइ, जबकि कुछ लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब एक तेज रफ्तार कार और सवारी टेंपो की जोरदार टक्कर हा गई। तभी पीछे से आ रही डंपर ने घायल लोगों को कुचल दिया। पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है। उधर प्रयागराज के नवाबगंज थाना क्षेत्र में

सम्हई गांव के पास आजरोडवेज बस की टक्कर लगने से मोटर साइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई।

————————

मौसम विभाग ने आज से अगले तीन दिनों के लिए प्रदेश के कई जिलों में गरज चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया है। इस दौरान कई जगहों पर 50 किलोमीटर से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की दर से तेज हवाएं चलने की भी संभावना है।

————————

आईपीएल क्रिकेट में आज बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स से हो रहा है।

(समाप्त)